# शराब और नहीं देने पर पैट्रोल डालकर दोस्त को जलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विजय विहार इलाके में दो दोस्तों ने शराब पी। शराब खत्म होने पर एक ने ओर शराब मांगी। नशे में ज्यादा धूत होने पर उसके दोस्त ने शराब ओर देने से मना कर दिया। बस इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया।

शराब मांगने वाले ने पास ही पैट्रोल से भरी टंकी उठाकर उसपर उड़ेल दिया और आग लगा दी। जिसकी अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हथ्या की कोशिश का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीरवार शाम छह बजकर दस मिनट पर विजय विहार पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि दिल्ली मल्टी अस्पताल के पास एक व्यक्ति को उसी के जानकार ने आग लगा दी है।

पुलिस मौके पर पहुंची। सूरज वॉशिंग सेंटर नाम की एक दुकान के अंदर फर्श पर पैट्रोल और जला हुआ सामान पड़ा हुआ था। क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पता चला कि ट्रेम्पो चालक चालीस साल के राकेश को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे 60 पर्सेंट झूलसा बताकर एम्स रेफर कर दिया। राकेश ने बताया कि वह अपने दोस्त मन्नू उर्फ राजा के साथ शराब पी रहा था, जिसने और शराब की मांग की। मना करने पर, आरोपी आक्रामक हो गया, उसने अचानक पास ही पड़ा पेट्रोल उठाकर उसपर डाल दिया और कहा-सुनी के बाद उसे आग लगा दी।

पुलिस ने आरोपी मन्नू के ठिकानों पर छापेमारी की। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से आरोपी मन्नू को एक पुख्ता जानकारी के बाद उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

# आसमान से बरस रही आग अगले दो दिन में राहत के आसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिन के साथ रातें भी गर्म होने लगी है। सोमवार सुबह से ही तपती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। इससे लोगों का हाल बेहाल रहा और वह परेशान दिखे।

हालात ऐसे थे कि रात में भी सुकून नहीं मिला। दिन और रात के समय गर्म हवाएं चली। मौसम विभाग ने पहले ऑरेंज फिर शाम तक लू का यलो अलर्ट जारी किया हुआ था।

इस दौरान अधिकतम तापमान 43 .2 और न्यूनतम तापमान 27 .5 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं, लगातार पांच दिन से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। इसके अलावा दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा और लू की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले दो दिन के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, और उसके बाद के तीन दिन में इसमें 4-6 डिग्री की गिरावट आएगी और उसके बाद लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। वहीं, अगले तीन दिन के दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने की संभावना है। दिल्ली के कई इलाकों में लू की स्थिति महसूस की गई। ऐसे में लू का यह लगातार तीसरा दिन रहा। इन स्थितियों के अगले 24 घंटे तक जारी रहने की आशंका है। उन्होंने बताया कि निचले ट्रोपोस्फेरिक स्तर पर पूर्वी हवाओं के चलने के प्रभाव से अधिकतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है, जिससे 28 अप्रैल से इस क्षेत्र में लू की स्थिति में कमी आएगी। दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी और बदलते मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार 28 अप्रैल को राहत की बारिश होने की उम्मीद है।

इस दौरान अधिकतम तापमान घटकर 40-42 डिग्री और न्यूनतम 27-29 डिग्री रहने का अनुमान है। इस दौरान आसमान धीरे-धीरे पूरी तरह बादलों से घिर सकता है और गरज, बिजली और तेज हवाओं 30-40 किमी प्रति घंटे, झोंकों में 50 किमी प्रति घंटे के साथ हल्की बूंदाबांदी संभव है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 अप्रैल को भी बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान अधिकतम तापमान 39-41 डिग्री और न्यूनतम 25-27 डिग्री रहने की संभावना है। साथ ही, आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश, गरज-चमक व तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है। वहीं, 30 अप्रैल को अधिकतम तापमान 37-39 डिग्री और न्यूनतम 23-25 डिग्री तक गिर सकता है।

दिन में आंशिक बादल और शाम के समय गरज के साथ बादल बनने की संभावना है। इसके अलावा, 1 और 2 मई को अधिकतम तापमान 39-41 डिग्री और न्यूनतम तापमान क्रमशः 23-25 और 24-26 डिग्री रहने का अनुमान है, इन दिनों आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा और हवाएं सामान्य गति से चलेंगी।

## नशीले पदार्थ विदेशों में भेजने वाले गैंग का भंडाफोड़, पांच पकड़े

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय कूरियर सेवाओं के जरिए साइकोट्रॉपिक पदार्थों की अवैध खरीद, छिपाने और उन्हें विदेश भेजने की कोशिश में शामिल संगठित गैंग का भंडाफोड़ कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से साइकोट्रॉपिक पदार्थों की व्यावसायिक मात्रा बरामद की है। आरोपियों ने प्रतिबंधित सामान विदेश भेजने के लिए जाली केवाईसी दस्तावेजों, नकली इनवॉइस, कूरियर नेटवर्क और डिजिटल संचार का इस्तेमाल किया था। उपायुक्त हर्ष इंदोरा ने बताया कि अपराध शाखा को एक गुप्त सूचना मिली कि एक संगठित गैंग जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके और पार्सलों में प्रति. बंधित सामान छिपाकर कूरियर सेवाओं के जरिए विदेश में भेज रहा है।

## अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड एम्बेस्डर

**नई दिल्ली।** जेके मैक्स पेंट्स ने अपना नए ब्राण्ड कैंपेन "मैक्स करो, रिलेक्स करो", का लॉन्च किया है। पहली बार विज्ञापन में ब्राण्ड अम्बेसडर अक्षय कुमार नजर आएंगे। यह बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार के एसोसिएशन में ब्राण्ड के विकास का अगला चरण है, जो उनके मुख्य प्रोडक्ट जेके वॉलमैक्स पुट्टी द्वारा बनी मजबूत नींव पर रोशनी डालता है। और एक ऐसी कहानी के जरिए ब्राण्ड के मुख्य वादे को जीवंत करता है जो दर्शकों के साथ आसानी से जुड़ सके, उन्हें लुभा सके।कैंपेन पर बात करते हुए नीतिश चोपड़ा, बिजनेस हैड- व्हाईट सीमेंट एंड पेंट्स ने कहा, ष्जब ब्यूटीफिकेशन प्रोडक्ट्स की बात आती है तो आज के उपभोक्ताओं के पास ढेरों विकल्प हैं, ऐसे में उनके लिए सही पुट्टी, प्राइमर और सही पेंट का चुनाव करना उलझन भरा होता है।

# डीसी VS आरसीबी मैच में दिखा आरसीबी फैन्स का जुनून

**संदीप शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में अरुण जेटली स्टेडियम का माहौल पूरी तरह जोश और जुनून से भरा नजर आया। मैच से पहले ही स्टेडियम के बाहर लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां बड़ी संख्या में खासकर आरसीबी और विराट कोहली के समर्थक अपनी टीम को सपोर्ट करने पहुंचे।

स्टेडियम के अंदर विराट को. हली के फैन्स का क्रेज अलग ही स्तर पर दिखा। कोहली के नाम की जर्सी पहने हजारों फैंस "को. हली-कोहली" के नारों से पूरा स्टेडियम गूंजा रहे थे। जैसे ही को. हली मैदान पर उतरे, दर्शकों का शोर चरम पर पहुंच गया और हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के समर्थक भी पीछे नहीं रहे और अपनी टीम के लिए लगातार नारे लगाते रहे, लेकिन मुकाबले के दौरान आरसीबी और खासकर कोहली के फैन्स का उत्साह सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। पोस्टर्स और टीम जर्सी से सजे स्टैंड्स किसी बड़े त्योहार का नजारा पेश कर रहे थे।

हर चौके और छक्के पर आरसीबी समर्थकों का जोश देखने लायक था। जब मैच निर्णायक मोड़ पर पहुंचा, तो विराट कोहली के फैन्स की




आवाज पूरे स्टेडियम में गूंजती रही, जिसने मुकाबले के रोमांच को और बढ़ा दिया। यह मुकाबला सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि स्टैंड्स में भी आरस. बी के फैन्स के नाम रहा। दिल्ली में एक बार फिर यह साफ दिखा कि विराट को. हली की फैन फॉलोइंग कितनी जबरदस्त है और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के समर्थक हर मैदान को अपने रंग में रंग देते हैं।

दिल्ली के क्रिकेट प्रेमियों का यह जुनून एक बार फिर साबित करता है कि आईपीएल सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि फैन्स के लिए एक बड़ा उत्सव है, जहां खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शक भी मैच का अहम हिस्सा बन जाते हैं।

## मोती नगर में स्टोर लांच किया

**नई दिल्ली।** द हाउस ऑफ सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के अंतर्गत आने वाले ब्रांड सेनेस ने दिल्ली के डीएलएफ मिडटाउन प्लाजा मोती नगर में अपने पहले एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। सेनेस, द हाउस ऑफ सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के अंतर्गत संचालित होता है और समूह की ज्वेलरी मैन्युफैक्चरिंग व रिटेल विशेषज्ञता से प्रेरित है। नए स्टोर के लॉन्च पर बात करते हुए, जो. इता सेन, डायरेक्टर एवं हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिजाइन, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने कहा कि दिल्ली एक ऐसा शहर है जो व्यक्तिगतता व बेबाक अभिव्यक्ति का उत्सव मनाता है।

## एक नजर

### माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खुलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेजन ने आज अमेजन नाउ के विस्तार का ऐलान किया है। अब देश के 100 शहरों में मिनटों में डिलीवरी मिलेगी। इसके लिए कंपनी 1,000 से ज्यादा माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खोलेगी। पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, चंडीगढ़, अहमदाबाद, मेरठ, मैसूर, पानीपत, कोच्चि, अमृतसर, मंगलुरु और विशाखापट्टनम जैसे शहरों के साथ मुंबई, दिल्ली-एनसीआरऔर बेंगलुरु के ग्राहक भी अमेजननाउ से खरीदारी कर सकेंगे। हर्ष गोयल,वाइस प्रेसिडेंट - एवरीडे एसेंशियल्स,अमेजन इंडिया ने कहाष्ग्राहक अमेजन नाउ को पसंद कर रहे हैं, खासकर हमारी तेज डिलीवरी, किफायती दाम और किसानों से सीधे आने वाली ताजी उपज की गुणवत्ता को। इस सकारात्मक प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर हमने विस्तार की रफ्तार बढ़ा दी है ।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का पीएटी 5% बढ़कर रहा 3 19 करोड़

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने आज हुई मीटिंग में 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के ऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट को मंजूरी दी। रिजल्ट्स पर बात करते हुए, एमडी और सीईओ वी. वैद्यनाथन ने कहा, ष्बैंक की एसेट क्वालिटी अभी स्थिर बनी हुई है। हमने हमेशा कहा है कि माइक्रो-फाइनेंस बिजनेस को छोड़कर बाकी सभी बिजनेस अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। माइक्रो-फाइनेंस सेक्टर में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में पूरे इंडस्ट्री को दिक्कत हुई थी। अब जब माइक्रो-फाइनेंस की समस्या काफी हद तक खत्म हो गई है, तो बैंक के जीएनपीए और एनएनपीए कम होकर अच्छे स्तर पर आ गए हैं, जो क्रमशः 1.61% और 0.48% हैं। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में जो प्रोविजंस किए गए हैं, वे पिछले दो साल में सबसे कम हैं जो कि कुल लोन का 1. 63% है, यानी कुल एसेट का 1.18%। वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही का पहला महीना डिपॉजिट्स के मामले में मजबूत शुरुआत के साथ शुरू हुआ है।

### इंटीग्रेटेड कैंपेन 'काश नहीं आकाश' शुरू किया

**नई दिल्ली।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने अब तक के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड ब्रांड कैंपेन 'काश नहीं आकाशश' की शुरुआत की है। यह 360 कैंपेन डिजिटल, प्रिंट, मेट्रो, रेडियो और ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन के जरिए पूरे देश में बड़े स्तर पर लॉन्च किया गया है। इस कैंपेन को रेड बैंगल फिल्म कोलैबोरेटिव ने कॉन्सेप्चुअलाइज और एग्जीक्यूट किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग कनिका कुमार निझावन ने कहा कि यह कैंपेन छात्रों को 'whatif' से आगे बढ़कर आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने में मदद करेगा।

### गांवों को इन्फ्रा स्कीम से बाहर करे सरकार: दिल्ली पंचायत संघ

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने मुख्यमंत्री दिल्ली रेखा गुप्ता एवं संबंधित मंत्री से मांग की है कि दिल्ली देहात और गांवों में पानी के कनेक्शन से जुड़ी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। संघ ने आरोप लगाया कि एक ही प्लॉट में बने अलग-अलग मकानों को स्वतंत्र पानी कनेक्शन देने में विभागों की अनदेखी और अनावश्यक बाधाओं के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संघ ने 200 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले प्लॉटों पर इन्फ्रा स्कीम के तहत लगी भारी फीस पर भी आपत्ति जताई और इसे ग्रामीणों व गरीब परिवारों के साथ अन्याय बताया है। इस संबंध में दिल्ली सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की गई है कि गांवों को इन्फ्रा स्कीम से बाहर किया जाए तथा एक ही प्लॉट और एक गेट के भीतर बने अलग-अलग मकानों एवं परिवारों को स्वतंत्र पानी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि गांवों की पारंपरिक संरचना में एक ही प्लॉट में संयुक्त परिवारों के अलग-अलग मकान बने होते हैं, जिनका प्रवेश मार्ग एक ही होता है। ऐसे में केवल "एक गेट" के आधार पर अलग-अलग पानी कनेक्शन से इनकार करना पूरी तरह अनुचित है।

## दिल्ली सरकार कराएगी श्रद्धालुओं को सोमनाथ धाम की मुफ्त यात्रा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - सोमनाथ यात्रा' आयोजित करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन की घोषणा करते हुए कहा कि यह पावन पहल 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व -1000 वर्षों की अखंड आस्था' को समर्पित है और दिल्ली वासियों को अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, भारतीय परंपरा और हमारी आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने का पावन अवसर है।

# शिक्षित वर्ग के सम्मान से शिक्षा को मिलता है बढ़ावा: शाहिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमात-ए-सिद्दीकी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी ने कहा कि समाज के शिक्षित और प्रतिभाशाली वर्ग को सम्मानित करने से उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिलता है और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रोंख्रविशेषकर शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक सेवाख्रमें उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉक्टरों, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाहिद सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि जब समाज अपने शिक्षित लोगों को पहचान और सम्मान देता है, तो इससे युवाओं में आगे बढ़ने की इच्छा मजबूत होती है और वे उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समुदाय के विकास की नींव है और बिना शिक्षा के सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति संभव नहीं है।



उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस गरिमामय समारोह में वक्ताओं ने जमात-ए-सिद्दीकी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के नेतृत्व और समाज सेवा की जमकर तारीफ की। मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रपति के पूर्व निजी सचिव प्रमोद गुप्ता ने समाज के प्रति शाहिद सिद्दीकी के समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल दीपांकर मलिक ने भी अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के सामा. जिक कार्यों को सराहा।

# युवा लीडर्स व बदलाव लाने वाले सितारे आए साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे प्रतिभाशाली दिमाग, मुखर आवा. जें और प्रेरक श्चेंजमेकर्सश एक साथ आए। इस शिखर सम्मेलन के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली विचार था: युवा न केवल आने वाले कल के लीडर हैं, बल्कि वे आज के बदलाव के वाहक भी हैं। इस कार्यक्रम में राजनीति, व्यवसाय, खेल, मनो. रंजन, फैशन और शिक्षा के क्षेत्र के दिग्गज लीडर्स और हस्तियों ने शिरकत की। पिछले कई संस्करणों के साथ, एनडीटीवी युवा एक युवा भारत की आकांक्षाओं, चिंताओं और महत्वाकांक्षाओं के साथ जुड़ने के लिए एक निर्णायक मंच के रूप में उभरा है, जो नेतृत्व, उद्यम, संस्कृति और पहचान पर अनुभव-आधारित दृष्टिकोण प्रदान करता है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए, ओलंपिक पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर, जो वर्तमान में राजस्थान सरकार में उद्योग, खेल और युवा मामलों के मंत्री हैं, ने कहा कि आज के युवाओं में जागरूकता का स्तर बहुत ऊंचा है और वे शासन का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं।

# अभी हमारी याचिका पर सुनवाई नहीं हुई: संजय सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा में शामिल होने को राज्यसभा सभापति की मंजूरी मिल गई है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने कहा, श्भाजपा ने अशोक मित्तल पर छापे पड़वाए थे। भाजपा ने कहा था कि वे बहुत भ्रष्ट हैं। आज अशोक मित्तल भाजपा में चले गए हैं। संजय सिंह ने कहा, श्सातों सां. सदों ने जो विलय का पत्र दिया है, चेयरमैन ने उसका संज्ञान लिया है। मैंने उन्हें पत्र लिखा है कि संविधान की 10वीं अनुसूचि के मुताबिक इनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि वे इस पर फैसला देंगे। अभी तक चेयरमैन साहब की ओर से हमारी याचिका पर सुनवाई नहीं हुई है। बता दें कि राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भाजपा में शामिल होने को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद उच्च सदन में आप की स्थिति कमजोर हो गई है। सूत्रों के अनुसार, इन सभी सां. सदों ने शुक्रवार को सभापति को पत्र देकर स्वयं को भाजपा का हिस्सा मानने की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

# कन्या की शादी में संस्था ने आर्थिक मदद की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तेनगुरिया प्रजा. पति वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा 30 अप्रैल को होने वाली एक कन्या की शादी में 21 हजार की आर्थिक मदद की है ताकि कन्या की शादी में उसके परिवार की मदद हो सकें।

संस्था के अध्यक्ष पूरनचन्द गोला ने बताया उनकी संस्था सामाजिक कार्यो से जुडी हुई है, इसी कड़ी में यह आर्थिक मदद देकर ऐसे परिवार की मदद की है जो कन्या की शादी करने सक्षम नहीं था।

संस्था ने इससे पहले एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया था जिसमे आंखो की जांच के साथ निशुल्क चश्मे भी बांटे



गए थे। कन्या के परिवार को सहयोग राशि देते समय संस्था की तरफ से पूरनचंद गोला, आनंद कुमार, शिव कुमार मंडल, पवन कुमार, विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सत्ये, विनोद, प्रवीण कुमार, प्रेम, तन्मय, राजेश कुमार, सुनील मौजूद थे।

## तेज रफ्तार बाइक फ्लाईओवर की दीवार से टकराई, दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी थाना इलाके में मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, टक्कर के बाद मृतकों में से एक युवक नीचे बह रहे नाले में गिर गया। यह भीषण हादसा बीती रात उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर मुकुंदपुर फ्लाईओवर की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद एक युवक उछलकर नीचे बह रहे नाले में जा गिरा। उसे ढूंढने के लिए एक बचाव अभियान शुरू किया गया।

## डेढ़ साल के बच्चे के अपहरण का मामला सुलझा, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के कोतवाली थाने की टीम ने डेढ़ साल के बच्चे के अपहरण का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने अपहृत बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया है। बच्चे का अपहरण किसी संभावित खरीदार को बेचने की योजना के तहत किया गया था।आरोपी पहले भी चोरी और आर्म्स एक्ट के 09 मामलों में शामिल रहा है।

# भारत विकास परिषद आई-पैक्स का दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत विकास परिषद, आई-पैक्स शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आज आई-पैक्स भवन, आई.पी. एक्सटेंशन, दिल्ली में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक वन्दे मातरम् गायन के साथ किया गया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के संरक्षक एवं माननीय विधायक संजय गोयल रहे। मुख्य अतिथि श्री गोयल ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दायित्व एवं सेवा का संकल्प दिलाया, जिसमें सीए शैलेंद्र मोहन को अध्यक्ष, सीए अजय सिंघल को सचिव तथा सीए अनिल कुमार गुप्ता को वित्त सचिव का दायित्व सौंपा गया।



अपने उद्बोधन में श्री गोयल ने भारत विकास परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद "भारत को जानो", "राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता" एवं "गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन" जैसे संस्कार-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं राष्ट्रभक्त नागरिक बनाने हेतु संकल्पबद्ध है। मुख्य अतिथि का जीवन परिचय श्रीमती अंजु गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्रांतीय अध्यक्षा एडवोकेट बेला माहेश्वरी ने नव-दीक्षित सदस्यों को परिषद की दीक्षा दिलाई। इस अवसर पर शाखा की स्मारिका "संस्कृति" का विमोचन संपादिका श्रीमती भावना अग्रवाल द्वारा मंचासीन अतिथियों के करकमलों से किया गया।

# मोटे अनाज से बनाए पौष्टिक व्यंजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिलशाद गार्डन में स्थित महिला एव बाल विकास मंत्रालय के अधीन संस्कार आश्रम में आंगनवाड़ी वर्कर्स ने मोटे अनाज से बने व्यंजनों को प्रस्तुत कर सन्देश दिया,कि अगर स्वस्थ रहना है तो थाली में मोटे अनाज को प्राथमिकता देनी होगी। सोमवार को संस्कार आश्रम में कई स्थानों से आंगवाड़ी वर्कर्स पहुंची ओर वह अपने साथ कई तरह के व्यंजन लेकर आई, उनके द्वारा बनाए गए व्यंजन पौष्टिक होने के साथ- साथ स्वादिष्ट भी थे, यह व्यंजन भारत में बढ़ती शुगर, बीपी ओर अन्य बिमारियों से बचने के लिए किसी दवाई से कम नहीं है, यह व्यंजन देखने में जितने अच्छे लग रहे थे उतने ही खाने में स्वादिष्ट थे स इन सभी व्यंजनों की खासियत यह थी कि सभी व्यंजन आंगनवाड़ी में मिलने वाले खाने के सामान से ही तैयार किए गए थे। जिनमे खिचड़ी के नमकपारे, चावल ओर पोहे की इडली, भुने हुए चने के लडडू, ज्वार की चाट, चना मुंग दाल चाट, उरद की दाल के भल्ले आदि शामिल थे। इन व्यंजनों को तैयार करने वाली आंगनवाडी वर्कर्स का कहना था कि आजकल लोग सिर्फ गेहूं, चावल ओर मैदे का ज्यादा प्रयोग करते है जिस वजह से शुगर, बीपी जैसी बीमारियां बढ़ रही है स आंगनवाड़ी में मिलने वाले खाने के सामान से हमने यह व्यंजन तैयार किये हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# केजरीवाल का सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का फैसला

■ **मेरी जस्टिस स्वर्ण कांता से न्याय मिलने की उम्मीद टूट गई है: अरविंद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्माको एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह अब उनके समक्ष व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से पेश नहीं होंगे। केजरीवाल ने अपने पत्र में न्याय मिलने की उम्मीद टूटने की बात कहते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया है।

अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में लिखा, मेरी जस्टिस स्वर्ण कांता से न्याय मिलने की उम्मीद टूट गई है। इसलिए मैंने गांधी जी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का फैसला लिया है। मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए फैसला किया है। जस्टिस स्वर्ण कांता के फैसले की अपील में सुप्रीम कोर्ट जाने का अधिकार रखूंगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जज बदलने की मांग को खारिज कर दिया था।

केजरीवाल ने इस मामले की सुनवाई कर रहीं जज स्वर्ण कांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए मामले को किसी दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने की मांग की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उनकी इस मांग को स्वीकार नहीं किया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने इस मुद्दे पर टिप्पणी भी की और याचिका को खारिज कर दिया।

इस याचिका के खारिज होने के बाद केजरीवाल ने अब जस्टिस स्वर्णकांता की कोर्ट में पेश ही नहीं होने का एलान कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा, श्मुझे एक झूठे केस में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। एक चुनी हुई सरकार को गलत तरीके से गिरा दिया गया।

हमें कई महीने जेल में रखा लेकिन आखिरकार सच की जीत हुई। कोर्ट ने मुझे पूरी तरह निर्दोष घोषित कर दिया। कोर्ट ने सीबीआई की जांच पर सवाल खड़े किए और जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। सीबीआई ने तुरंत इस फैसले के हाई कोर्ट में चुनौती दी ये केस जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के सामने लगा। तब मेरे मन में सवाल उठा कि क्या इनके सामने मुझे न्याय मिलेगा? आरएसएस की जिस विचारधारा वाली सरकार ने झूठे आरोप लगाकर मुझे जेल डाला, जज साहिबा ने स्वयं माना है कि उस विचारधारा से जुड़े संगठन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के मंचों पर वे कई बार जाती रही हैं। मैं और आम आदमी पार्टी उस विचारधारा के घोर विरोधी हैं। ऐसे में क्या उनके सामने मुझे न्याय मिल सकता है?

## हीटवेव को लेकर एलजी के ठोस कदम उठाने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को एक हफ्ते के भीतर ठोस कदम जमीन पर उतारने के निर्देश दिए। राजधानी में तेज होती गर्मी और हीट एक्शन प्लान 2026 का जमीन पर पालन नहीं होता देख एलजी ने संज्ञान लिया है। प्लान में शामिल तैयारियों पर प्रशासन ने अब तक शायद अमल नहीं किया है। हीट वेब से सबसे ज्यादा तकलीफ बाहर काम करने वाले मजदूरों को हो रही है। बेसहारा पशु पक्षी भी तकलीफ में हैं। इनकी राहत के लिए जमीन पर कोई कार्यवाही अब तक नजर नहीं आ रही है।

उपराज्यपाल ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट इस पूरे अभियान में अहम भूमिका निभाएं और अपने-अपने क्षेत्रों में समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने खास तौर पर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और मजदूरों जैसे संवे. दनशील वर्गों की सुरक्षा पर जोर दिया। सार्वजनिक स्थानों पर गर्मी से राहत देने के लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि हीटवेव से निपटने के लिए सभी विभाग आपस में बेहतर तालमेल के साथ काम करेंगे। पानी, छाया, प्राथमिक चिकित्सा और जागरूकता जैसे उपायों को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।उपराज्यपाल ने सिर्फ लोगों ही नहीं, बल्कि शहर के पशु-पक्षियों के लिए भी विशेष इंतजाम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में इनके लिए पानी और राहत की व्यवस्था करना भी जरूरी है।

## चार स्कूलों को बम की धमकी एक आर्मी का स्कूल भी शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोमवार को चार स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इन धमकियों से स्कूलों में दहशत फैल गई। हालांकि, बाद में दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने इसे फर्जी बताया।

अधिकारी के अनुसार, अलर्ट मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। स्थानीय पुलिस और स्कूल अधिकारियों के साथ मिलकर तलाशी और निकासी अभियान चलाया गया। टीमों ने परिसरों की गहन जांच की। किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सभी धमकियों को फर्जी घोषित कर दिया गया है। जिन स्कूलों को बम की धमकी मिली, उनमें धौला कुआं, दिल्ली कैंट और शंकर विहार स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल शामिल हैं। इनके अलावा द्वारका सेक्टर 14 स्थित सीआरपीएफ स्कूल भी शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

एहतियात के तौर पर तलाशी के दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। पुलिस और अन्य एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

## हर वर्ग की भागीदारी से सरकार चलाएगी पौधारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने समाज के हर वर्ग की भागीदारी के साथ बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान शुरू कर रही एमएम है। यह पहल दिल्ली के ग्रीन कवर को मजबूत करने और वायु प्रदूषण से लड़ने के मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इसी क्रम में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में 20 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, टेक्निकल संस्थान और प्रमुख संस्थान जैसे आईआईटी दिल्ली, एनएसयूटी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हुए।

बैठक में शिक्षा विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग और नागरिक एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।यह पहल सरकार की ग्रीन एक्शन प्लान 2026ख्27 का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके तहत दिल्ली में 22 विभागों के समन्वित प्रयासों से 70 लाख से अधिक पेड़, पौधे और झाड़ियां लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



**पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में पौधारोपण अभियान के लेकर चर्चा करते हुए।**

## केजरीवाल का न्यायाधीश पर आरोप लगाना अनुचित: सीएम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति को लिखे गए पत्र और उनके हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का पूरा रवैया 'न खाता न बही, केजरीवाल जो कहे वह सही' जैसा हो गया है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि केजरीवाल का आचरण ऐसा प्रतीत होता है मानो वह स्वयं ही वकील, गवाह और न्यायाधीश बन बैठे हों। यदि सब कुछ वही तय करेंगे तो फिर न्याय व्यवस्था की आवश्यकता ही क्या रह जाएगी? मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक संस्थाओं पर बार-बार सवाल उठाना और संवैधानिक व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना केजरीवाल की कार्यशैली और मानसिकता का हिस्सा बन चुका है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अदालत में पेश न होने की बात करना और किसी न्यायाधीश पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाना न केवल अनुचित है, बल्कि यह न्याय व्यवस्था की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। जिस व्यक्ति पर गंभीर आरोप हैं और आरोप्रपत्र (चार्जशीट) दाखिल हो चुकी है, वह यदि यह कहे कि उसके खिलाफ निर्णय हो सकता है इसलिए जज या अदालत बदल दी जाए तो यह पूरी प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वयं की तुलना महात्मा गांधी और शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसे महान व्यक्तित्वों से करना अत्यंत आपत्तिजनक और शर्मनाक है। देश के इन महान नायकों के नाम का इस प्रकार उपयोग करना उनकी गरिमा का अपमान है।

### मॉडल टाउन स्कूल रोड के निकट खेत में आग लगी

**नई दिल्ली।** सोमवार को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन स्कूल रोड के पास एक कृषि क्षेत्र में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग बुझाने के लिए कई दमकल गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना कीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह लगभग 11:15 बजे प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही, सात दमकल गाड़ियाँ तुरंत घटनास्थल पर भेजी गईं। आग की लपटें काफी ऊंची थीं और तेजी से फैल रही थीं, जिससे आसपास के लोगों में थोड़ी दहशत फैल गई थी।

## दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार से होगा त्वरित समाधान: जगदीश मुखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी ने पीतमपुरा स्थित मधुबन अपार्टमेंट में स्थानीय निवासियों के साथ आयोजित एक अनौपचारिक बैठक में दिल्ली की समस्याओं के जल्द समाधान का विश्वास व्यक्त किया।

आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ श्चाय पर चर्चाश के दौरान नमो इम्पैक्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने दिल्ली में निगम से लेकर केंद्र तक श्ट्रिपल इंजनश की



सरकार होने का हवाला देते हुए स्थानीय निवासियों को आश्वस्त किया कि अब विकास कार्यों और जन-समस्याओं का निस्तारण दोग. ुनी तीव्रता से किया जाएगा। अंडमान और निकोबार के उपराज्यपाल सहित असम, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम के राज्यपाल रह चुके प्रोफेसर मुखी ने दिल्ली में वित्त मंत्री और प्रतिपक्ष के नेता के रूप में अपने लंबे अनुभव को साझा किया। चर्चा के दौरान निवासियों ने ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज के रीडिवेलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उनका मार्गदर्शन लिया।

इस अवसर पर प्रोफेसर मुखी ने अपने पुराने साथी एवं गौ सेवक प्रो. सुरेश चंद सिंघल के साथ संघ की गतिविधियों और पुरानी यादों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में अतुल सिंघल, जे.पी. भूटानी, सत्य नारायण गुप्ता, अविनाश बंसल, सतीश गुप्ता, सुशील बंसल और अनिल जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएमआईएल के पहले सीईओ बने संजय जमुआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लि. के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में संजय जमुआर की नियुक्ति की गई है। डीएमआईएल का गठन दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने सरकार के सहयोग से किया है, जिसका उद्देश्य देश और विदेश में मेट्रो परियोजनाओं तथा ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस सेवाओं का विस्तार करना है। जमुआर पूर्व आईआरटीएस अधिकारी हैं और उन्हें भारतीय रेल, डीएमआरसी के साथ-साथ ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस और मध्य-पूर्व में काम करने का व्यापक अनुभव है। नए उपक्रम के जरिए अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की उम्मीद है।

संजय जमुआर 1998 में डीएमआरसी के पहले संचालन और रखरखाव कर्मचारी के रूप में शामिल हुए थे। उनकी वापसी को संगठन के लिए घर वापसी जैसा बताया गया है। डीएमआरसी वर्तमान में ढाका मेट्रो परियोजना में सलाहकार की भूमिका निभा रही है। यह चेन्नई, मुंबई और पटना मेट्रो परियोजनाओं के लिए प्रमुख संचालन और रखरखाव अनुबंध भी संभाल रही है।

### ताजा भोजन अच्छे स्वास्थ्य का आधार: अनिल जैन

**नई दिल्ली।** ताजा पिसे हुए आटे या मसालों की खुशबू सिर्फ खाने की चीज नहीं है। यह उस समय की याद है, जब खाद्य वस्तुएँ शुद्ध होती थी, प्रक्रिया धीमी थी और स्वाद के साथ कोई समझौता नहीं था। जैसे-जैसे रसोई तेजी और सुविधा की ओर बदलती गई, यह अनुभव धीरे-धीरे रोजमर्रा के जीवन से गायब होता गया।सॉफ्टेल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल कुमार जैन कहते हैं, "ताजा भोजन कोई विलासिता नहीं है, बल्कि अच्छे स्वास्थ्य का आधार है। रोज ताजा पीसना हमारे भोजन में शुद्धता, पोषण और विश्वास वापस लाने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है।



**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हीट वेव एक्शन प्लान को लेकर कि गए उपायों की जानकारी पत्रकारों को देते हुए।**

## स्कूलों में छुट्टी से पहले बच्चों को ओआरएस पिलाना जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हीट वेव एक्शन प्लान को लेकर कहा कि सरकार हर स्तर पर पूरी तैयारी के साथ काम कर रही है। सभी विभागों को भी इस मसले पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि भीषण गर्मी में लोगों को न्यूनतम परेशानी हो।

दिल्ली सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से तीन अहम उपायों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सभी डीटीसी बसों में कोल्ड बॉक्स के जरिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएगी ताकि यात्रा कर रहे किसी भी व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर तुरंत पानी मिल सके। इसके अलावा बस शेल्टरों के पास भी पानी के काउंटर लगाए जाएंगे, जहां ठंडा पानी और ओआरएस का घोल निशुल्क उपलब्ध रहेगा।

श्रमिकों को राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रम विभाग के माध्यम से सभी नियोक्ताओं को निर्देश दिया गया है कि दोपहर 1 बजे से 4 बजे के बीच श्रमिकों को आराम दिया जाए और उन्हें धूप में काम न करना पड़े। साथ ही, उनके लिए पानी, छांव और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करना भी नियोक्ताओं की जिम्मेदारी होगी। स्कूलों को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्कूलों में पर्याप्त पानी, पंखे और गर्मी से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हर बच्चे को स्कूल से छुट्टी से पहले ओआरएस का घोल पिलाकर ही भेजा जाए, ताकि घर लौटते समय उसे गर्मी से राहत मिल सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सभी मंत्रालयों को अपने-अपने क्षेत्र से जुड़े लोगों तक ये गाइडलाइन पहुंचाने और सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली नगर निगम और पीडब्ल्यूडी को भी साफ-सफाई कर्मियों और निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और धूप के चरम समय में काम रोकने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह तैयार हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में दवाइयों और आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि फायर, बिजली और जल विभाग को अलर्ट मोड में रखा गया है ताकि पूरे शहर में बिजली और पानी की आपूर्ति बिना किसी बाधा के जारी रहे। पानी के सभी संसाधनों को भी पूरी तरह सक्रिय रखा जाएगा।

फायर विभाग की तैयारियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विभाग क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल्स के साथ हर घटना स्थल पर तेजी से पहुंच रहा है और न केवल घटनाओं पर काबू पाया जा रहा है, बल्कि उनकी रोकथाम के लिए भी लगातार काम किया जा रहा है।

### 1 मई से हर शनिवार लगेंगे 'जन शिकायत समाधान कैंप'

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं के क्रियान्वयन, तकनीकी सुधारों और जनसेवा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन समीक्षा की गई।

साथ ही विभाग की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों, चुनौतियों और आगामी रणनीतिक रोडमैप पर विस्तार से मंथन हुआ। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि 1 मई से हर शनिवार सुबह 9 से 11 बजे तक सभी संबंधित केंद्रों पर असिस्टेंट कमिश्नर की मौजूदगी में 'जन शिकायत समाधान कैंप' लगाए जाएं।

## वेदांता पॉवर की ओर से मिला प्रभावितों को मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेदांता पॉवर ने छत्तीसगढ़ के सिंघितराई में अपने विद्युत संयंत्र की इकाई-1 में हुई दु:खद घटना के बाद मृतकों और घायलों के परिवारों को पूर्ण मुआवजा प्रदान कर दिया है।



कंपनी ने कहा कि दु:ख की घड़ी में वह मृतकों और घायलों के परिवारजनों के साथ लगातार संपर्क में है। घायलों की चिकित्सा तथा उनकी देखभाल व प्रभावितों के परिवारजनों की हरसंभव मदद कंपनी की ओर से सुनिश्चित की गई है। वेदांता पॉवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा ने घटना पर दु:ख जताते हुए कहा, ''मृतकों व घायलों तथा उनके परिवारजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएँ हैं। आपदा की स्थिति में हम उनके साथ खड़े हैं।

घायल ठेका कर्मी केशव चंद्र राठौर की पत्नी प्रियंका चंद्रा ने बताया कि चिकित्सकों से उनकी लगातार बातचीत हो रही है। बेहत. रीन इलाज से केशव ठीक हो रहे हैं। कंपनी ने परिवारजनों के रहने, भोजन आदि की उत्कृष्ट व्यवस्था की है।

## छह चरणों में बनेगा मेगा कॉरिडोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ट्रैफिक जाम से राहत और तेज आवाजाही के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने महात्मा गांधी रिंग रोड पर करीब 55 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनाने की योजना को आगे बढ़ा दिया है। अधिकारियों के अनुसार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को छह चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसमें पहला चरण कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डे से आश्रम या डीएनडी फ्लाईवे तक लगभग 11.5 किलोमीटर के हिस्से पर केंद्रित होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस हिस्से को प्राथमिकता इसलिए दी गई है क्योंकि यहां जमीन की उपलब्धता अपेक्षाकृत आसान है और यूटिलिटी शिफ्टिंग, पेड़ों या अन्य अवरोधों की समस्या कम है। वैकल्पिक रूप से आजादपुर से आईएसबीटी के बीच 9.5 किलोमीटर का सेक्शन भी पहले चरण में लिया जा सकता है, क्योंकि वहां भी निर्माण से जुड़ी बाधाएं कम बताई जा रही हैं। परियोजना की रूपरेखा प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई है और अब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर काम तेजी से चल रहा है। सलाहक. ार एजेंसी को ट्रैफिक स्टडी, इंजी. नियरिंग डिजाइन, लागत अनुमान और इम्प्लीमेंटेशन स्ट्रेटेजी तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### मदरसों की आज़ादी में दखल अस्वीकार्य: एआईएमपीएलबी

## संविधान के तहत मिले अधिकारों की रक्षा की जाएगी: रहमानी

■ **उत्तराखंड सरकार के मदरसों में हस्तक्षेप पर जताई आपत्ति, सुप्रीम कोर्ट जाने की चेतावनी**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देश में मदरसों की स्वायत्तता में किसी भी तरह के हस्तक्षेप पर कड़ी आपत्ति जताई है। कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 30 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता है और अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षणिक संस्थान चलाने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

एआईएमपीएलबी, जमीअत, जमाअत-ए-इस्लामी, मजलिस इत्तहाद-ए-मिल्लत और जमाअत अहले हदीस की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि मदरसे न केवल धार्मिक शिक्षा का केंद्र हैं, बल्कि उन्होंने देश की आजादी, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मदरसों ने हमेशा कानून के दायरे में रहकर काम किया है और राष्ट्रीय एकता व अखंडता को मजबूत किया है। यह बयान उत्तराखंड सरकार की ओर से मदरसा शिक्षा परिषद को भंग कर, बनाए गए उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन और धार्मिक शिक्षा के लिए इस प्राधिकरण से मान्यता को अनिवार्य किए जाने के बाद आया है। बयान में आरोप लगाया गया कि कुछ तत्व और संस्थाएं मदरसों की स्वतंत्रता को सीमित करने की को. शिश कर रहे हैं, जो संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। एआईएमपीएलबी ने कहा कि मदरसों को किसी भी तरह के भेदभाव या अनावश्यक नियंत्रण का सामना नहीं करना चाहिए। यदि इस तरह की कार्रवाइयां जारी रहती हैं, तो बोर्ड कानूनी रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा। बोर्ड ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। साथ ही, देशभर के मदरसों और संबंधित संगठनों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया गया है। बयान में यह भी कहा गया कि धार्मिक और शैक्षणिक संस्थानों की स्वतंत्रता बनाए रखना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है और इसमें किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप देशि. हत में नहीं होगा। बयान जारी करने वालों में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, जमीअत उलेमा-ए-हिन्द (ए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदनी, जमीअत उलेमा-ए-हिन्द (एम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद असअद मदनी, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना फज़लुर्रहीम मुजद्दीदी, जमाअत इस्लामी-ए-हिन्द के अमीर मौलाना सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय सचिव मौलाना सैयद बिलाल हसनी नदवी, मजलिस इत्तहाद-ए-मिल्लत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना उबैदुल्लाह खान आज़मी व जमीअत अहले हदीस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना असगर अली सलफी आदि शामिल हैं।

# बेटे के गुम होने से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

## बहन की सगाई का सामान लेने गया था युवक, चार दिन बीत जाने के बाद भी नही लगा कोई सुरांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहन की सगाई और शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब 32 वर्षीय युवक गौरव घर से ढाई लाख रुपये लेकर बाजार के लिए निकला और फिर वापस नहीं लौटा। चार दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिवार जहां एक ओर बेटी की सगाई और शादी की रस्में निभाने को मजबूर था, वहीं दूसरी ओर बेटे की तलाश में थानों और रिश्तेदारों के यहां चक्कर काटता रहा। नम आंखों के साथ परिजनों ने बेटी की शादी संपन्न कराई, लेकिन बेटे की राह देखते-देखते पूरा परिवार टूट गया।

मामला हापुड़ क्षेत्र का है। परिजनों के अनुसार 25 अप्रैल को गौरव अपनी बहन की सगाई के दिन सुबह करीब आठ बजे घर से निकला था। उसे बहन की सगाई के लिए फर्नीचर और अन्य जरूरी सामान खरीदना था। इसके लिए वह अपने साथ ढाई लाख रुपये लेकर बाजार जाने की बात कहकर निकला था। घर से निकलते समय उसकी मां ने कहा था कि किसी को साथ ले जा, ताकि सामान लाने में आसानी हो जाए। इस पर गौरव ने कहा कि उसके दोस्त साथ में जाएंगे और वह जल्द लौट आएगा। गौरव जिन दोस्तों का जिक्र कर रहा था, वे फर्नीचर की दुकान पर उसका इंतजार कर रहे थे। काफी देर तक जब वह नहीं पहुंचा तो दोस्तों ने उसे फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद दोस्तों ने





गौरव के घर फोन कर जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि वह काफी देर पहले ही घर से निकल चुका है। यह सुनते ही परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई और सभी उसकी तलाश में जुट गए। रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों से संपर्क किया गया, लेकिन कहीं से भी गौरव के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। जैसे-जैसे समय बीतता गया, परिवार की बेचौनी बढ़ती गई। बेटी की सगाई का घर अचानक चिंता और भय के माहौल में बदल गया। परिजन सगाई की रस्मों को भूलकर गौरव की तलाश में निकल पड़े। परिवार ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने गौरव की फोटो और अन्य विवरण लेकर जांच शुरू कर दी। इसके बावजूद अगले दिन तक भी गौरव का कोई पता नहीं चल सका। अगले दिन बेटी की शादी थी। एक तरफ शादी की तैयारियां थीं, दूसरी तरफ बेटे की चिंता। परिवार का एक सदस्य थाने के चक्कर लगा रहा था तो दूसरा शादी की व्यवस्थाओं में लगा था। बारात तो घर पहुंच गई, लेकिन गौरव नहीं लौटा। नम आंखों और भारी दिल के साथ परिजनों ने बेटी की शादी की रस्में पूरी कीं। एक ओर बेटी की विदाई का दर्द था, तो दूसरी ओर बेटे के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का गम। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और बेटे की तलाश जल्द कराने की गुहार लगाई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि युवक की तलाश के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। सभी टीमें सक्रिय रूप से गौरव की तलाश में जुटी हैं और जल्द ही उसे खोजने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल परिवार की हर सुबह और हर शाम सिर्फ एक ही उम्मीद के साथ गुजर रही है कि उनका बेटा गौरव सकुशल घर लौट आए।

## मौसी के साथ स्नान करने आया युवक भंवर में फंसा, देखते ही देखते डूबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ब्रजघाट गंगा घाट पर सोमवार सुबह गंगा स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। मेरठ से अपनी मौसी के साथ स्नान के लिए आया 21 वर्षीय युवक अचानक तेज जलधारा में बह गया। देखते ही देखते युवक गहरे पानी में समा गया, जिससे घाट पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने युवक की तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार मेरठ के जागृति विहार निवासी अयांश कुमार सोमवार सुबह अपनी मौसी शिवानी के साथ ब्रजघाट गंगा तट पर स्नान करने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि जलधारा में बने भंवर की चपेट में आने से वह संतुलन खो बैठा और गहरे पानी की ओर खिंचता चला गया। डूबते समय युवक ने खुद को बचाने के लिए जोर-जोर से आवाज लगाई। उसकी चीख सुनकर आसपास मौजूद श्रद्धालु और स्थानीय लोग तुरंत उसकी ओर दौड़े। कुछ लोगों ने पानी में उतरकर उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन गंगा की तेज धारा और गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। युवक की मौसी शिवानी मौके पर ही बदहवास हो गईं और रोते-बिलखते अपने भांजे को पुकारती रहीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल गोताखोरों को बुलाकर तलाश अभियान शुरू कराया गया और हर संभव प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल युवक का अभी तक कुछ पता नही लग पाया है।

## भाजपा उत्तर मंडल का गंगा पूजन, विश्व शांति व जनकल्याण के लिए की प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के मंडल अध्यक्ष प्रशांत त्यागी के नेतृत्व में सोमवार को उत्तर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ब्रजघाट पहुंचकर मां गंगा की विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मां गंगा में दूध की धार अर्पित कर विश्व शांति, जनकल्याण और समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक वातावरण और जयघोषों के बीच पूरा घाट भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान के साथ मां गंगा का पूजन किया और राष्ट्र की उन्नति, प्रदेश की खुशहाली तथा समाज में भाईचारे



की भावना मजबूत होने की प्रार्थना की। मंडल अध्यक्ष प्रशांत त्यागी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां गंगा का विशेष महत्व है और गंगा पूजन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि मां गंगा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया है कि समाज सेवा, स्वच्छता और जनहित के कार्यों को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। भाजपा सदैव राष्ट्रहित और लोककल्याण की भावना के साथ कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राकेश बजरंगी ने सभी पदाधिका. रियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रजघाट की पावन धरती पर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता आयुष शर्मा ने कहा कि मां गंगा भारतीय संस्कृति, आस्था और सभ्यता की पहचान हैं। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संस्कारों की भावना के साथ समाज के बीच कार्य करता है। मां गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, यही हमारी कामना है। इस अवसर पर संजय शर्मा, उदय कंसल, ऋतिक त्यागी, दीपांशु गर्ग, विकास शर्मा, पंकज, गगन बटला, राजन बाल्मीकि, मोहित गुप्ता, अमित त्यागी, सौदान सिंह, संजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पिलखुवा में अग्निकांड, 70 झुग्गियां जलकर राख, गोदामों को भी भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। मोदीनगर रोड स्थित कपड़ा फैक्ट्री के पास बनी झुग्गी बस्ती में अचानक आग भड़क उठी, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। तेज लपटों ने आसपास की करीब 70 झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि समय रहते लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे जनहानि टल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब नौ बजे झुग्गी बस्ती की ओर से धुआं उठता दिखाई दिया। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य आग समझा, लेकिन कुछ ही मिनटों में तेज लपटें उठने लगीं और आग तेजी से फैलने लगी। झुग्गियों में



प्लास्टिक, लकड़ी, पॉलिथीन और अन्य ज्वलनशील सामान अधिक मात्रा में होने के कारण आग ने देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। आग की चपेट में पास स्थित गायत्री लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट, यूनाइटेड ट्रांसपोर्ट और एक जींस सिलाई फैक्ट्री भी आ गई। गोदामों में रखा बड़ी मात्रा में कपड़ा जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि एक गोदाम में सैकड़ों गांठ कपड़ा रखा था, जबकि दूसरे गोदाम में भी भारी मात्रा में माल मौजूद था, जो पूरी तरह नष्ट हो गया।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। करीब आठ दमकल गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की इस घटना ने करीब 70 परिवारों को बेघर कर दिया, जिनके सामने अब रहने और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। मौके पर पहुंचीं क्षेत्रधिकारी अनीता चौहान ने राहत एवं बचाव कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग किन परिस्थितियों में लगी। गनीमत रही कि इस बड़े हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन आग ने दर्जनों परिवारों की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर दिया और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भारी आर्थिक झटका पहुंचाया है। प्रशासन राहत कार्य में जुटा है और जल्द ही नुकसान का पूरा आकलन किया जाएगा।

## स्मार्ट मीटर हटाओ की मांग को लेकर सड़क पर बैठीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले कई दिनों से चल रहा विरोध सोमवार को भी तेज दिखाई दिया, जब सैकड़ों महिलाएं और बच्चे आनंद विहार बिजलीघर पहुंच गए और वहां जमकर प्रदर्शन किया। गुस्साई महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठकर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर स्मार्ट मीटर हटाने और पुराने मीटर दोबारा लगाने की मांग लिखी हुई थी।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने आरा. ेप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके घरों के बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हो गई है। उनका कहना था कि पहले जहां सामान्य बिल आता था, वहीं अब कई गुना अधिक बिल भेजा जा रहा है, जिससे परिवार का बजट बिगड़ गया है। महिलाओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर बहुत तेज गति से चल रहे हैं और वास्तविक खपत से अधिक यूनिट दर्ज कर रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि कई घरों में अधिक बिल आने के कारण बिजली कटने की समस्या भी सामने आ रही है। धरने में शामिल छोटे-छोटे बच्चे भी हाथों में विरोध की तख्तियां लिए नजर आए। बच्चों ने कहा कि घरों में बिजली न होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने मांग की कि उनके घरों से स्मार्ट मीटर हटाकर पहले की तरह पुराने मीटर लगाए



जाएं, ताकि उन्हें राहत मिल सके। वहीं बिजली विभाग के अधिका. रियों का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। स्मार्ट मीटर को लेकर शहर में बढ़ते विरोध ने बिजली विभाग की चिंता बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## राजश्री वेयरहाउस में आग, आईटी सेक्शन को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र के रिलायंस रोड स्थित ग्राम भोवापुर में सोमवार तड़के राजश्री वेयरहाउस के आईटी सेक्शन में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और तेज कार्रवाई करते हुए आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। इस अग्निकांड में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों समेत वेयरहाउस के स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर सर्विस यूनिट ने पहुंचते ही मोर्चा संभाला और तेजी से आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकलकर्मियों की तत्परता से आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोक



लिया गया। कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया, जिससे वेयरहाउस में रखा अन्य सामान सुरक्षित बच गया। अग्निकांड में आईटी सेक्शन में लगे कंप्यूटर, पंखे, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वेयरहाउस के स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटनास्थल पर पुलिस भी मौजूद रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सहयोग प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया कि समय पर सूचना मिलने और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई के कारण बड़ा नुकसान होने से बच गया। फिलहाल प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### गर्भवती महिला को हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव नयाबांस निवासी महिला ने पड़ोसी पर घर पर आकर गाली गलौज करने और विरोध करने पर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसका बीच बचाव करने के लिए आए उसके देवर पर हमला बोलकर आरोपियों ने घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी सरोज ने बताया कि वह चार माह की गर्भवती है। सोमवार की सुबह को उसका देवर उसके बच्चे को घर के बाहर लेकर बैठा हुआ था। तभी पड़ोसी वहां आकर गाली गलौज करने लगा। उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। इसको देखकर उसका देवर बीच बचाव में आया तो उसके देवर को पीटकर आरोपियों ने घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला मृदापाड़ा में रहने वाली महिला ने अपने जेठ पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरी देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

मोहल्ला निवासी अफसाना ने बताया कि रविवार को वह अपने घर पर बैठी हुई थी। तभी उसके जेठ का लड़का उसको गाली गलौज करने लगा। पीड़िता ने इसको लेकर जेठ और जेठानी से शिकायत की तो दोनों ने अपने बेटे को डाटने के बजाए उसके घर आकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नवनियुक्त डीएम ने नक्का कुंआ मंदिर के सुदंरीकरण को लेकर किया, निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के नक्का कुंआ मंदिर में चल रहे सुदंरीकरण का नवनियुक्त जिलाधिकारी कविता मीणा ने निरीक्षण किया। यहां चल रहे सुदंरीकरण कार्य के बारे में जानकारी करते हुए उन्होंने शीघ्र ही कार्य को पूरा करने के आदेश दिए। इस दौरान डीएम ने मंदिर में दर्शन कर पूजा भी की।

सोमवार की शाम को नवनियुक्त डीएम कविता मीणा मंदिर में पहुंची। यहां शासन स्तर से पर्यटन विभाग कराए जा रहे सुदंरीकरण के कार्य को देखा। इस दौरान उन्होंने बारीकि से पूछताछ की। डीएम ने अधिनिस्थ अधिकारियों से कहा कि जो भी कार्य रुका हुआ है उसको पूरा कराए, सरकार के इस सुदंरीकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में मुक्तेश्वरा महादेव मंदिर के शिव. लिंग, कुंआ आदि के दर्शन किए। मंदिर में उनको महाभारत कालीन से जुड़े इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम श्रीराम सिंह, ईओ पवित्रा त्रिपाठी आदि मौजूद रहें।

### डीएम ने राया अनाज मंडी का किया औचक निरीक्षण

eFk|jkA जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के राया मंडी स्थित तीन गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें खाद्य विभाग का राया उप मंडी प्रथम एवं राया उप मंडी द्वितीय तथा एफसीआई का राया उप मंडी भारतीय खाद्य निगम शामिल था। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने राया स्थित गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा बोरी की उपलब्धता, वेटिंग मशीन, छन्ना, डस्टर, नमी मापक यंत्र आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं खरीद की व्यवस्था, भंडारण, तौल प्रक्रिया और किसानों को हो रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थिति किसानों से वार्ता की, उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा क्रय केंद्र के प्रभारी को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से सीधे संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने किसानों को गुड खिलाया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिले। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपए 2585 है। उन्होंने किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने हेतु प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सख्त निर्देश दिए कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## घर से जेवर चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोसी महिला पर घर से जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी महिला ने उसके साथ पिटाई की, जबकि उसके पति ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला ने बताया कि रविवार को वह अपने घर पर काम कर रही थी। तभी उसकी पड़ोसी महिला घर आई और सोने का लाकेट घर से चोरी कर ले गई। जानकारी होने पर महिला ने लाकेट को वापस मांगा तो महिला ने गाली गलौज शुरू कर दी। उसने ऐसा करने से मना किया तो महिला ने उसके साथ पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान महिला का पति वहां आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसका पति बाहर गया था। इसका फायदा उठाकर उसका जेठ घर आया और उसको देखकर आरोपी गाली गलौज करने लगा। उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जीएस यूनिवर्सिटी में गर्भसंस्कार पर विशेष कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस यूनिवर्सिटी में सोमवार को (प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का संगम एपिजेनेटिक्स एवं भ्रूण विकास) विषय पर गर्भसंस्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व. विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में गर्भावस्था के दौरान मातृ स्वास्थ्य, भ्रूण विकास और गर्भसंस्कार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला की मुख्य वक्ता वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. संगीता सारस्वत ने भ्रूण विकास, जीन अभिव्यक्ति, हार्मोनल संतुलन तथा गर्भावस्था के दौरान मातृ स्वास्थ्य की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला का आहार,



विचार और व्यवहार सीधे तौर पर गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित करता है। माता की सकारात्मक सोच, संतुलित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली से शिशु के व्यक्तित्व और भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में गर्भसंस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि (मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा ही करता है और अंततः वैसा ही बन जाता है।) इसी सोच के साथ आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी का संदेश दिया गया। भारतीय परंपरा का उदाहरण देते हुए अभिमन्यु की कथा का उल्लेख किया गया,

जिसमें उन्होंने गर्भ में ही चक्रव्यूह भेदन का ज्ञान प्राप्त किया था। इस कार्यशाला का आयोजन जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जीएस मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

अंत में एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए और विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन ज्ञानवर्धक संवाद और सकारात्मक संदेश के साथ हुआ।

## सफाई कर्मी और नाविकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी में सोमवार की सुबह समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व मे नाविकों और सफाई कर्मचारियों के कार्य को देखते हुए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सैकडों लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी युवाजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद हुए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहें।

ब्रजघाट में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में नाविकों एवं स्फाई कर्मचारियों का विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी में युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद शामिल हुए। कार्यक्रम में मोहम्मद फहद ने बताया समाजवादी पार्टी लगातार सभी लोगों के लिए कार्य कर रही है और 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रत्येक जाति धर्म का व्यक्ति आज समा. जवादी पार्टी के साथ जुड़ रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सर्वेश त्रिपाठी ने कहा कि आशुतोष शर्मा के माध्यम से लगातार जमीनी स्तर पर पिछले 10 वर्षों से कार्य किया जा रहा है। आज 251 से अधिक पीडीए समाज के लोगों को सम्मान देने का कार्य किया गया। आशुतोष शर्मा ने बताया विधानसभा में उनके माध्यम से 100 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें प्रत्येक समाज के व्यक्ति का सम्मान किया गया। इस दौरान आदेश गुर्जर, सुनील शर्मा, अंकित भड़ाना, विक्रम गुर्जर, विंदर कश्यप, अंकित कौशिक, तरुण कश्यप आदि मौजूद रहें।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव में स्थित गोशाला में रहने वाली एक महिला का रविवार को परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते महिला ने कमरे में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद महिला की हालत को बिगड़ता देखकर उसको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया गया है कि महिला मूल रूप से सीतापुर जनपद की रहने वाली है जो पिछले काफी समय से गोशाला में रहती है।

## टोल प्लाजा की जांच के लिए पांच सदस्य टीम बनाने की मांग उठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी समा. जसेवी ने क्षेत्र के नगर पालिका सीमा में अवैध टोल प्लाजा की जांच हेतु पांच सदस्य जिला स्तरीय समिति बनाकर जांच करने की मांग की है। वहीं मांग पूरी न होने पर है व्यापक स्तर पर आंदोलन की चेता. वनी दी गई है।

समाज सेवी पंकज लोधी समेत अन्य लोगों ने सोमवार को एसडीएम श्रीराम सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। उसमें उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका सीमा में अवैध टोल प्लाजा के विरोध में कई वर्षों से अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 27 दिन धरना दिया गया। जिसमें मांग की गई थी के पांच सदस्य टीम बनाकर टोल प्लाजा से जुड़ी पांच जानकारी की जांच की जाए। जांच हेतु आश्वासन के उपरांत आमरण अनशन समाप्त किया गया परंतु जिला अधिकारी का स्थानांतरण होने की स्थिति में मामला गौर नहीं दिया गया है। किसी भी प्रकार का कोई भी संबंधित अधिकारी विभाग संतुष्टीकरण नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि जल्द कोई ठोस कदम न उठाया गया तो व्यापक स्तर पर जन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जय सिंह राणा, ललित कुमार, बबलू, हर्षवर्धन शर्मा, आशीष शर्मा, महेश, अंकित शर्मा, विनोद शास्त्री आदि मौजूद रहें।

### साइबर ठगो ने सोशल मीडिया पर लिंक भेज कर उड़ा दी नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के हरोड़ा रोड़ निवासी एक युवक के खाते से साइबर ठगों ने सोशल मीडिया एप पर लिंक भेजकर खाते से एक लाख 40 हजार रुपये की नकदी उडा दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शिव कुमार ने बताया कि पिछले दिनों शाम के समय वह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी उसके फोन के सोशल मीडिया पर एक लिंक आया। उसको देखकर उसने उस लिंक को खोल लिया। लिंक खोलने के बाद उसके खाते से अलग अलग समय में कुल एक लाख 40 हजार रुपये ठगों ने उड़ा दिए। इसकी जानकारी पर वह दंग रह गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सरधना में आग से दो मंजिला मकान व शोरूम जलकर राख, लाखों का नुकसान

■ आग की चपेट में आने से बचा पूरा परिवार, घंटों के बाद बुझी आग


सरधना के बिनौली रोड पर लगी भयंकर आग को बुझाने का प्रयास करते फायर बिग्रेड कर्मचारी व स्थानीय लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बिनौली रोड पर रविवार देर रात एक भीषण अग्निकांड ने क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। वैश्य मंच सरधना के अध्यक्ष एवं ठेकेदार शैलेंद्र गुप्ता के दो मंजिला मकान और उनके स्पेयर पार्ट्स के शोरूम में अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया, वहीं पास की दो दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है।

नगर के बिनौनी रोड स्थित पेटोल पंप के पास आरके ऑटोमोबाइल इस भवन के भूतल पर ऑटो और बाइक स्पेयर पार्ट्स का बड़ा शोरूम संचालित होता है, जबकि ऊपर परिवार का निवास है। घटना के समय शैलेंद्र गुप्ता अपनी पत्नी सुमन गुप्ता, पुत्र आशीष और पीयूष समेत अन्य परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे के बाद राहगीरों ने शोरूम के भीतर से उठती आग की लपटें देखीं और तुरंत शोर मचाकर परिवार को सतर्क किया। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक शोरूम के अंदर खड़ी कार से उठी आग तेजी से पूरे परिसर में फैल चुकी थी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उन्होंने कुछ ही देर में शोरूम के साथ-साथ पीछे बने आवासीय हिस्से और ऊपर की मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी और खुद भी आग बुझाने में जुट गए। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि दमकल की टीम के पहुंचने में देरी हुई, जिससे आग और ज्यादा फैल गई। हालांकि समय रहते परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग की तीव्रता के कारण आसपास की दुकानें भी प्रभावित हुईं। एक ओर राकेश कश्यप की स्पेयर पार्ट्स की दुकान और दूसरी ओर नानू निवासी शाकिर की स्टिकर शॉप में भी आग पहुंच गई, जिससे वहां रखा सामान भी जल गया। दोनों दुकानों में हुए नुकसान लाखों रूपयों का बताया जा रहा है। आग लगने की सूचना पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी और पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था।

## अमेजन नाउ 100 शहरों में 1000 से अधिक माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर खुलेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन ने सोमवार को अमेजन नाउ के विस्तार का ऐलान किया है। अब देश के 100 शहरों में मिनटों में डिलीवरी मिलेगी। इसके लिए कंपनी 1,000 से ज्यादा माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खोलेगी। पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, चंडीगढ़, अहमदाबाद, मेरठ, मैसूर, पानीपत, कोच्चि, अमृतसर, मंगलुरु और विशाखापट्टनम जैसे शहरों के साथ मुंबई, दिल्ली-एनसीआरऔर बेंगलुरु के ग्राहक भी अमेजननाउ से खरीदारी कर सकेंगे। हर्ष गोयल,वाइस प्रेसिडेंट - एवरीडे एसेंशियल्स ,अमेजन इंडिया ने कहा ग्राहक अमेजन नाउ को पसंद कर रहे हैं, खासकर हमारी तेज डिलीवरी, किफायती दाम और किसानों से सीधे आने वाली ताजी उपज की गुणवत्ता को। इस सकारात्मक प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर हमने विस्तार की रफ्तार बढ़ा दी है और अब 1,000 से ज्यादा माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर के जरिए 100 शहरों में सेवा देंगे। इससे 16,000 से अधिक किसानों को भी फायदा होगा।


स्कूल की छुट्टी के बाद बढ़ती गर्मी के कारण बच्चों को कपड़ों से ढक कर घर ले जाती महिलाएं। छाया: शाह टाइम्स

## सरफराज चौधरी ने ग्राम जानी बुजुर्ग में किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ग्राम पंचायत चुनाव अभी दूर हैं लेकिन प्रत्याशी अभी से मैदान में आने शुरू हो गए हैं। सोमवार को जानी बुजुर्ग निवासी ग्राम प्रधान प्रत्याशी सरफराज चौधरी ने कहा कि अपने गांव सिसोला बुजुर्ग में अगर ग्रामीणों ने उन्हें मौका दिया तो चहुमुखी विकास किया जाएगा। सिसोला बुजुर्ग में सड़कों की हालत बहुत बदतर हो चुकी है, सफाई व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही, हर तरफ चौराहों पर कूड़ा ही कूड़ा पड़ा है। सरफराज चौधरी क्षेत्र में अच्छी खासी पकड़ रखते हैं और सभी के साथ सुख दुख में खड़े रहते हैं। इसी को लेकर वह सब के बीच बने हुए हैं। सोमवार को उन्होंने जनसम्पर्क पर सियासत को गर्मा दिया है।



## सुभारती विश्वविद्यालय में आज सजेगा लोकरंग का महाकुंभ, साहित्य और संस्कृति का होगा भव्य संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, एवं उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, लखनऊ (उ.प्र.) के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 28 अप्रैल 2026 को 'एक दिवसीय लोकोत्सव: साहित्यिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष, भाषा विभाग डॉ. सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोक कला, लोक साहित्य, लोक संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है। यह आयोजन भारतीय लोक परंपराओं की समृद्ध विरासत को समझने, संरक्षित करने तथा समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।




उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, लखनऊ (उ.प्र.) की ओर से प्रति. निधि के रूप में श्री वैभव जी ने बताया कि लोक संस्कृति किसी भी समाज की आत्मा होती है। लोक परंपराएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक मूल्यों और ऐतिहासिक चेतना की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने तथा भारतीय संस्कृति के मूल स्वरूप को समझने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान निरंतर लोक कला, लोक साहित्य और जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत है तथा इस प्रकार के आयोजन सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में साहित्यिक संगोष्ठी एवं वैचारिक परिचर्चा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रो. कुसुमलता मलिक द्वारा 'उत्तर प्रदेश की संस्कृति: विश्व संस्कृति का आधार' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान सुनंदा वर्मा द्वारा "Folk Culture: The Story of 'Us'" विषय पर वक्तव्य तथा डॉ. विमलेश कान्ति वर्मा द्वारा 'लोक की अवधारणा और अभिव्यक्ति के विविध आयाम' विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी, जिनका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से होगा।

इसके उपरांत गौरव साहा एवं उनके समूह द्वारा 'लोक में राम' विषय पर नृत्य प्रस्तुति सुखबीर सिंह एवं उनके समूह द्वारा अलगोझा वादन (लुप्तप्राय लोक वाद्य), रंजना नेब एवं उनके समूह द्वारा 'लोक में कृष्ण' नृत्य प्रस्तुति, नीता गुप्ता एवं उनके समूह द्वारा लोक संगीत गायन (संस्कार गीत) तथा शीशपाल एवं उनके समूह द्वारा हरियाणवी लोक नृत्य एवं घूमर प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कांता कर्दम द्वारा विशेष उद्बोधन दिया जाएगा, जो प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों के लिए प्रेरणादायी होगा।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय वापस ले सरकार: प्रमोद तिवारी

■ राज्यसभा के उप विरोधी दल नेता ने स्मार्ट मीटर को बताया उपभोक्ताओं की जेब पर डकैती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्मार्ट मीटर को लेकर जहां पूरे देश की जनता इसे सरकार की जबरदस्ती और गुंडागर्दी से जोड़ रही है वहीं अब स्मार्ट मीटर के खिलाफ विपक्षी पार्टी भी भाजपा सरकार पर हमलावर हो गई है। राज्यसभा में विरोधी दल के उप नेता राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ मीडिया में एक प्रेस नोट जारी करते हुए इसे नियम विरोध बताया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग द्वारा जो 'प्रीपेड स्मार्ट मीटर' लगाये जा रहे हैं वे पूरी तरह से अव्यवहारिक हैं, और सीध - सीधे उपभोक्ताओं के जेब पर डकैती डाली जा रही है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर की रीडिंग सही नहीं आ रही है।

प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मुझे स्वयं बिजली विभाग में मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिला है। ये प्रीपेड स्मार्ट मीटर पूरी तरह से गलत रीडिंग कर रहा है। बिजली विभाग के अधिनियम 2003 की धारा 47 (5) के अंतर्गत हर उपभोक्ता को यह विकल्प चुनने का पूरा अधिकार है कि वह पोस्ट पेड मीटर ले अथवा प्रीपेड मीटर लगवाये। किंतु बिजली विभाग द्वारा बलपूर्वक धोखे से या तो उपभोक्ताओं से सहमति ली जा रही है अथवा जबरन प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

तिवारी ने कहा है कि इस मामले में मुख्यमंत्री ने 4 सदस्यीय समिति का गठन करके 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है, और 30 दिन तक उपभोक्ताओं के कनेक्शन न काटने का निर्णय लिया है फिर भी कनेक्षन काटे जा रहे हैं, इस तरह से मुख्यमंत्री के निर्णय का भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है। यदि सरकार ने इस तरह से उपभोक्ताओं के जेब पर डकैती डाली तो आने वाले वर्ष 2027 के विधान सभा के चुनाव में जनता इसका करारा जवाब देगी और भाजपा का पूरी तरह से प्रदेश से सफाया हो जायेगा। प्रमोद तिवारी ने सरकार से आग्रह किया है कि 'प्रीपेड स्मार्ट मीटर' लगाने का निर्णय तत्काल वापस लिया जाए।

## डीमोनफोर अकादमी में पर्सनालिटी डेवलपमेंट और इंग्लिश कन्वर्सेशन वर्कशॉप संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोनफोर अकादमी में सोमवार को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट और इंग्लिश कन्वर्सेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों को आत्मविश्वास निर्माण (Build Confidence) अंग्रेजी बोलचाल (Improve Speaking) और संवाद शैली को बेहतर बनाने (Enhance Communication) के तरीके सिखाए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मिस्टर विकास लांबा एवं मिसेज शालिनी लांबा द्वारा किया गया। जिन्होंने अपने अनुभव और प्रभावी प्रशिक्षण शैली से सभी प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से जोड़े रखा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहा. रिक ज्ञान और मंच पर बोलने का साहस ही छात्र को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। इसके पश्चात विद्यालय की निदेशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दौर में बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने छात्रों को अपनी भाषा और बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के निदेशक डॉ. के.के. शर्मा ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा हमारा निरंतर प्रयास है कि हम अपने छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करें जहां वे अपनी झिझक छोड़कर एक आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में उभर सकें। अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही व्यक्तित्व निखरता है। उप-प्रधानाचार्या ऋतु चिकारा ने वर्कशॉप के प्रैक्टिकल सेशन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्रों से छात्रों की सीखने की क्षमता बढ़ती है और उनका मनोबल ऊंचा होता है। इस वर्कशॉप मे विद्यालय के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से महत्वपूर्ण कौशल सीखे।

## दीक्षांत समारोह में डॉ. सौम्या शर्मा विहान हुई सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डॉक्टर सौम्या शर्मा विहान को 'मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी' की उपाधि से नवाजा गया। सुभारती यूनिवर्सिटी के 11 दीक्षांत समारोह में डॉक्टर सौम्या शर्मा विहान को मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के द्वारा मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी वर्ष 2024 की उपाधि से नवाजा गया। मेरठ कचहरी पुल स्थित मेरठ कॉलेज परिसर में संचालित 'विजन डेंटल क्लिनिक' की प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉक्टर सौम्या शर्मा विहान को रविवार को सुभारती यूनिवर्सिटी में यह सम्मान प्राप्त हुआ। डॉक्टर सौम्या शर्मा विहान के पति भी डॉक्टर अर्जित विहान शहर के एक जाने-माने दंत चिकित्सक हैं। इस उपलब्धि पर सभी लोगों ने डॉक्टर सौम्या शर्मा विहान को बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की। विजन विद्यापीठ सिवाया के अध्यक्ष रविंद्र विहान व पूजा विहान ने भी अपनी पुत्रवधू की उपलब्धि पर खुशी जताई। डॉक्टर सौम्या की इस




उपलब्धि पर उनके पिता कर्नल शिव अवतार शर्मा व माता नीति शर्मा ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। अर्पित विहान व दीपशिखा विहान ने बताया कि डॉक्टर सौम्या की इस उपलब्धि पर परिवार में उत्सव का माहौल है तथा सभी शुभचिंतकों के बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं।

## श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप स्थित श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कालेज प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह रहे तथा अध्यक्षता कालेज प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के सम्मुख कॉलेज प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह व कॉलेज प्रधानाचार्या भावना चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कालेज प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस की पढ़ाई करना ही महत्वपूर्ण लक्ष्य नहीं है। समाज का एक अच्छा इंसान बनना भी महत्वपूर्ण है। वहीं कालेज प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह ने कहा कि कभी भी इस बात को लेकर मन में निराशा न आने दें कि उनके पिता किसान है या मजदूर इस लिए हम एक अच्छे मुकाम पर नहीं जा सकतें। विद्यार्थी अनुशासित होकर मेहनत करता है उसको अपने लक्ष्य तक जाने से कोई नहीं रोक सकता। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में वैष्णवी चौधरी ने प्रथम, खुशी गिरी ने द्वितीय व प्राची गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 कला वर्ग में फारिहा ने प्रथम, हंसिका ने द्वितीय व रितिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में मानसी ने प्रथम, अंतिम ने द्वितीय व सुहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोमवार को कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन कर इन छात्राओं को कॉलेज प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह व प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज की समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम रुखसार (Rukhsar) से बदलकर रुखसार बेगम (Rukhsar Begam) कर लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम रुखसार बेगम (Rukhsar Begam) से जाना पहचाना जाए।

**रुखसार बेगम (Rukhsar Begam)** पत्नी मो0 इरफान निवासी: 416 ब्लॉक 4 अशोक विहार लोनी देहात गाजियाबाद।

## कक्षा 1 से 8 तक के लिए बच्चों की ऑनलाइन क्लास की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा नेता अंकित चौधरी ने मेरठ के डीएम को ज्ञापन देकर कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की क्लास ऑनलाइन करने की मांग की है। अंकित चौधरी ने ज्ञापन में तेज धूप और बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह मांग उठाई है। अंकित चौधरी ने डीएम से गुहार लगाई है कि वह गर्मी के प्रभाव को देखते हुए इस पर प्रभावी और बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए फैसला लें।

## 6, 7 व 8 मई को होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**मेरठ।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ नम्रता सिंह-प्रथम ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुसार दिनांक 06 मई, 07 मई एवं 08 मई 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपराधिक वादो का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 06 मई, 07 मई एवं 08 मई 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपराधिक वादों का निस्तारण किया जायेगा।

## सीसीएसयू में कार्य परिषद की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय, मेरठ के कुलपति कार्यालय के भूतल स्थित सेमिनार हॉल में कार्य परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक कुल. पति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में दिनांक 19 मार्च 2026 को आयोजित कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की संपुष्टि की गई। साथ ही 41 शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। शैक्षणिक उन्नयन के अंतर्गत विश्व. विद्यालय परिसर के सांख्यिकी विभाग में कार्यरत डॉ. कपिल कुमार एवं डॉ. प्रदीप चौधरी को चयन समिति की संस्तुति के आधार पर प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किए जाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में गणित विभाग की डॉ. सरू कुमारी को भी प्रोफेसर पद पर पदोन्नति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।


### उत्तर रेलवे

**टेंडर नोटिस सं. 07/2026-2027 दिनांक: 27.04.2026**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02260085 | 4.5 के डब्लू 110/120 वी डी सी ब्रुश्लेस अल्टरनेटर | 92 नग | 25.05.26 |
| 02 | NRTADK 2026 | रेट कॉन्ट्रैक्ट फॉर इंगेजमेंट ऑफ अटेंडेंस | 18720 मेन मंथ | 26.05.26 |
| 03 | 02260060 | डबल इनलेट सेन्ट्रीफ्यूगल ब्लोअर असेंबली | 1207 नग | 06.07.26 |

निविदा शर्तेः- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 1400/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

संख्याः- 570-सिग-पी0रा0-निविदा-142 दिनांकः- 27.04.2026

उप0 मु0 रिग0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0/पी0 रा0/नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड इ-निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेब साइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थान:** उत्तरी रेलवे के अंतर्गत गढ़ी हरसरू स्टेशन पर, Y-कनेक्शन की व्यवस्था के साथ S और T कार्य (इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य) किए जा रहे हैं। इन कार्यों में Westrace Make EI (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम) में संशोधन शामिल है-जिसे केंद्रीकृत से वितरित प्रणाली (1 हट के साथ) में बदला जा रहा है-ताकि गढ़ी हरसरू स्टेशन पर ट्रेनों को रिवर्स करने की आवश्यकता न पड़े। | |
| 2 | **पूरा होने की अवधि** | एलओए जारी होने की तारीख से 06 महीने |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत** | रु0 3.10 करोड़ (लगभग) |
| 4 | **धरोहर राशि** | रु0 6,19,400/- (रुपये छः लाख उन्नीस हजार चार सौ केवल)) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | **स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है:** उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 29.04.2026 to 22.05.2026 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। | |
| 6 | **निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय:** 22.05.2026. उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज फार्म 08.05.2026 से 22.05.2026 11.30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। | |
| 7 | **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** ई-निविदा दिनांक 22.05.2026, 11.30 बजे खोला जाएगा। | |

1404/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं0-2, बरेली।

वाद 1728/25

1. राम बहादुर दिवाकर पुत्र श्री टिकाराम निवासी 02 खजुरिया थाना शाही जिला बरेली-243505.

**बनाम**

2. श्रीमती राजो देवी दिवाकर पत्नी श्री राम बहादुर दिवाकर पुत्री चन्द्रसेन दिवाकर निवासी हाल म.नं.-138, गली-3 वेस्ट कान्ति नगर कृष्णा नगर, पूर्वी दिल्ली-110051.

अन्तर्गत धारा- 13 एएचएम
थाना-शाही

चूंकि राम बहादुर दिवाकर ने आपके खिलाफ न्यायालय में एक मुकदमा वास्ते 13 एएचएम प्रस्तुत किया है। अत: आपको एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि नियत दिनांक 02/05/26 को वास्ते लिखित कथन/एवज राजीनामा प्रयास हेतु स्वयं उपस्थित हो। यह भी निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन पर स्वयं का पासपोर्ट आकर का फोटो अवश्य चिपकाया जाये। विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है कि लिखित कथन प्रस्तुत के समय अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। नियत दिनाक 02/05/26 को आपके द्वारा पैरवी न किये जाने की स्थिति में वाद की सुनवाई नियमनुसार की जायेगी।

आदेशानुसार

**न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय कक्ष सं0-2, बरेली।**

### समन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**विज्ञापन द्वारा न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश / कुटुम्ब न्यायालय मुजफ्फरनगर**

वाद सं0-573 सन् 2024

अश्वनी पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम रूकनपुर, थाना खतौली, तहसील खतौली, जनपद मुजफ्फरनगर। **....प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

श्रीमति प्रियंका पुत्री धर्मवीर सिंह निवासी आर जैड बी-18 सीतापुरी, पार्ट-1 नई दिल्ली-110045

**.....विपक्षीया/प्रतिवादीया**

**वाद अन्तगत धारा 13 (तेरह) हिन्दू विवाह अधिनियम**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम का योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का प्रतिवाद पत्र/जवाब आदि प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होने के लिए दिनांक 20.05.2026 को दिन में 10:00 बजे उपस्थित होने हेतु यह तिथि नियत करके यह समन सूचना प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति (उपस्थिति) के लिए तिथि नियत की गई है आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 23 माह 04 सन 2026 को वह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**मुंसरिम/राइडर**
**प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, मुजफ्फरनगर।**

